प्रेस नोट- थाना रामचन्द्र मिशन

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनाँक – 14.11.2026

थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या के मामले में वांछित 02 अभियुक्त एवं 01 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रामचन्द्र मिशन के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 13.11.2026 को वादी मुकदमा उमेश कुमार पुत्र चुन्नीलाल निवासी मोहल्ला कुन्दनपुर गौटिया, बरखेड़ा वार्ड नं0-04, थाना बरखेड़ा, जनपद पीलीभीत द्वारा थाना रामचन्द्र मिशन पर लिखित तहरीर दी गई । वादी के अनुसार, उनकी पुत्री भावना का विवाह दिनांक 25.02.2026 को पवन पुत्र छोटे लाल निवासी मोहल्ला रेती, थाना रामचन्द्र मिशन, जनपद शाहजहाँपुर के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उनकी पुत्री को प्रताड़ित एवं मारपीट करते थे। दिनांक 13.11.2026 को उनकी पुत्री भावना द्वारा फांसी लगा लेने की सूचना प्राप्त हुई। वादी द्वारा पुत्री को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए विवश करने तथा हत्या कर फांसी के फंदे पर लटकाए जाने का संदेह व्यक्त किया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रामचन्द्र मिशन पर मु0अ0सं0 211/26 धारा 85, 80(2) बीएनएस एवं 3/4 डीपी एक्ट बनाम पवन आदि 05 अभियुक्तगण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 14.11.2026 को थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित 02 अभियुक्त व 01 अभियुक्ता 1. पवन पुत्र छोटे लाल उम्र 25 वर्ष, 2. छोटे लाल पुत्र शिवराज उम्र 50 वर्ष एवं 3. राजकुमारी पत्नी छोटे लाल उम्र 48 वर्ष, निवासीगण मोहल्ला रेती, थाना रामचन्द्र मिशन, जनपद शाहजहाँपुर को समय 14:10 बजे उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-

1. पवन पुत्र छोटे लाल निवासी मोहल्ला रेती थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर उम्र 25 वर्ष
2. छोटे लाल पुत्र शिवराज निवासी मोहल्ला रेती थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर उम्र 50 वर्ष
3. राजकुमारी पत्नी छोटे लाल निवासी मोहल्ला रेती थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर इम्र 48 वर्ष

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 211/26 धारा 85,80(2) बीएनएस व ¾ डीपी एक्ट थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तारी का स्थान, समय व दिनांक-

दिनांक 14.11.26 को समय 14.10 बजे अभियुक्तगण के मस्कन से

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 जगत सिंह थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
2. का0 सहदेव थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 आकाश सैनी थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर
4. म0का0 दीपिका रानी थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर